दैनिक ट्रिब्यून

मेडिकल कैम्प में 1260 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

'नौ से अधिक गरीबों के हो चुके हैं मोतियाबिंद के आपरेशन'

सुमन भटनागर

अम्बाला, 29 जुलाई। अम्बाला हेल्थकेयर एंड वेल्फेयर सोसायटी द्वारा अम्बाला क्लब अम्बाला शहर में लगाए गए मेगा नि:शुल्क मेडिकल कैम्प में फोर्टीज अस्पताल मोहली के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. जी.एस. कालड़ा व उनकी टीम ने 525 हृदय रोगियों की जांच की।

शिविर में कुल 1260 लोगों का चैकअप किया गया और उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. पी.सी. शर्मा की टीम द्वारा 500 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 48 मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों के उनके अस्पताल में मुफ्त ऑप्रेशन किए जाएंगे। दंत रोग विशेषज्ञ डा. सन्नी सिंह आहलूवालिया की टीम द्वारा अपनी मोबाईल डेंटल वैन में 160 रोगियों का चैकअप एवं उपचार किया गया।

इस अवसर पर डा. कालड़ा ने कहा कि आज के परिवेश में हृदय रोग बहुत तेजी से बढ़ रहा है तथा इस रोग के कारण बड़ी संख्या में लोग की मृत्यु हो रही है। उन्होंने कहा कि हम काफी हद तक खान-पान को ठीक रखकर तथा व्यायाम द्वारा इस रोग से निजात पा सकते हैं। धुम्रपान को हृदय रोग के लिए खतरनाक बताते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में धुम्रपान का प्रचलन ज्यादा है, जोकि चिंता का विषय है, ऐसे परामर्श भी अवश्य लेना चाहिए।

अम्बाला हेल्थकेयर एंड वेल्फेयर सोसायटी की चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा, जोकि पूरे शिविर के दौरान वहां मौजूद रहीं और उन्होंने अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी तथा दूर-दराज से आए रोगियों से भी बातचीत की और शिविर को व्यवस्थित करने में भी सराहनीय योगदान दिया। श्रीमती शर्मा ने बताया कि सोसायटी द्वारा लगाया गया यह 15वां शिविर है। उन्होंने बताया कि अभी तक अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी, कालका, पिंजौर सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए शिविरों में आने वाले 900 से अधिक गरीब लोगों के मोतियाबिंद के ऑप्रेशन किए जा चुके हैं।

सोसायटी के सचिव एस.डी. गौतम ने बताया कि आज का शिविर विशेष रूप से फौनिक्स क्लब अम्बाला छावनी, अम्बाला क्लब अम्बाला शहर के सदस्यों व अन्य हृदय रोगियों के चैकअप के लिए लगाया गया था। उन्होंने बताया कि ऐसे कैम्पों के आयोजन में मेडिसिटी गुड़गांव, फोर्टीज अस्पताल मोहाली, स्वास्थ्य विभाग अम्बाला व अन्य डाक्टरों का भरपूर सहयोग मिलता है।

अम्बाला शहर में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में अम्बाला हेल्थकेयर सोसायटी की चेयरपर्सन शक्तिरानी शर्मा एक मरीज से बातचीत करते हुए। -प्रदीप मैनी

हरिभूमि

शिविर में 1260 रोगियों की जांच, दवाएं बांटीं

जागरण संवाद केंद्र, अंबाला : हेल्थ केयर एंड वेल्फेयर सोसायटी द्वारा अंबाला क्लब शहर में लगाए गए मेगा निशुल्क मेडिकल कैंप में 525 हृदय रोगियों की जांच की। शिविर में कुल 1260 रोगियों का चेकअप किया गया और उन्हें मुफ्त दवाइयां भी दी गई। फोर्टीज अस्पताल मोहली के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएस कालड़ा ने चेकअप किया।

इसके अलावा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी शर्मा की टीम द्वारा 500 नेत्र रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 48 मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों के उनके अस्पताल में मुफ्त आपरेशन किए जाएंगे। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सन्नी सिंह आहलूवालिया की टीम द्वारा मोबाइल डेंटल वैन में 160 रोगियों का चेकअप एवं उपचार किया गया। चिल्ड्रन अस्पताल पंचकूला के डॉक्टर राजेंद्र सेठी व डॉ. संदीप द्वारा 23 बच्चों का चेकअप किया गया जबकि इसी अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतना ने 36 महिलाओं का चेकअप किया। ईएनटी विशेषज्ञ डा. रिषी गौतम अग्रवाल द्वारा 57 रोगियों का चेकअप किया गया। डॉ. असीम राजपाल तथा डॉ. अनिक ने भी हृदय रोगियों का चेकअप करके उनकी बीमारी का ब्यौरा लिया। शिविर में 478 लोगों की शूगर की जांच की गई तथा 152 लोगों की ईसीजी व 142 लोगों को इको टेस्ट भी किया गया। डॉ. कालड़ा ने कहा कि आज के परिवेश में हृदय रोग बहुत तेजी से बढ़ रहा है तथा इस रोग के कारण लोगों की मृत्यु हो रही है। हेल्थकेयर एंड वेल्फेयर सोसायटी की चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा मौजूद रही।

मरीजों की जांच करतीं डाक्टर। जागरण